UNIVERSITY NEWS 02 JULY 2026

NBT

IRF रैंकिंग में चमके BBAU-LU

■ NBT न्यूज, लखनऊ

प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग संस्था 'इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क' (IIRF) 2026 के परिणामों में लखनऊ के दो प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (BBAU) और लखनऊ विश्वविद्यालय (LU) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

BBAU का विधि विभाग चमका : केंद्रीय विधि की संस्था अंतर्गत आने वाले बीबीएयू को राष्ट्रीय स्तर पर 19वीं रैंक प्राप्त हुई है। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि यह उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट शोध और नवाचार के लिए किए गए सतत प्रयासों का प्रतिफल है। बीबीएयू केंद्रीय विश्वविद्यालयों में देश के शीर्ष विधि संस्थानों में 9वीं रैंक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों की प्रथमेश्वरी बीबीएयू ने देशभर में 7वीं रैंक प्राप्त की है।

LU: राज्य विश्वविद्यालयों में सर्वोच्च स्थान पर कायम

लखनऊ विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में अपनी अकादमिक सर्वोच्चता को मजबूती से बनाए रखा है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और रैंकिंग निदेशक प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप सेमेस्टर सिस्टम और मजबूत डेटा संचालित सुधारों के कारण विश्वविद्यालय राष्ट्रीय पटल पर यह स्थान प्राप्त करने में सफल रहा है।

विधि संकाय: विधि शिक्षा के क्षेत्र में इसे राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान मिला है, जबकि ऑल इंडिया नेशनल रैंक 24वीं है।

इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के बीबीए पाठ्यक्रम को उत्तर प्रदेश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान और राष्ट्रीय स्तर पर 33वीं रैंक प्राप्त हुई है।

LU स्टूडेंट्स को NGO में इंटर्नशिप का मौका

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और सामाजिक कार्यों से जोड़ने के लिए इंटर्नशिप के अवसर निकाले हैं। यह नियुक्तियां 'सेवा सत्कार फाउंडेशन' और 'जरूरत केयर फाउंडेशन' में की जाएंगी, जिसके लिए यूजी और पीजी के छात्र 5 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। 30 से 90 दिनों की इस इंटर्नशिप में छात्रों को बिजनेस डिवेलपमेंट, कंटेंट क्रिएशन और फंडरेजिंग जैसे क्षेत्रों में काम करने का मौका मिलेगा। चयनित इंटर्न्स को ₹8,000 निश्चित स्टाइपेंड, सर्टिफिकेट और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्री-प्लेसमेंट ऑफर (PPO) भी मिल सकता है।

AMRIT VICHAR

छात्रों को फाउंडेशन में इंटर्नशिप का मौका

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के लिए सेवा सत्कार फाउंडेशन और जरूरत केयर फाउंडेशन में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए हैं। सेवा सत्कार फाउंडेशन में 30 से 90 दिन की इंटर्नशिप के दौरान लीड जनरेशन, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, कंटेंट क्रिएशन और फंडरेजिंग जैसे क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर मिलेगा। चयनित विद्यार्थियों को स्टाइपेंड और प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। जरूरत केयर फाउंडेशन में चार माह की रिमोट इंटर्नशिप के तहत मार्केटिंग, एचआर, सोशल मीडिया, यूआई/यूएक्स और वीडियो एडिटिंग का अनुभव मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित है।

AMRIT VICHAR

आईआईआरएफ रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रदेश में अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य विश्वविद्यालयों में लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रबंधन और विधि संकाय बना नंबर एक
- बीबीए पाठ्यक्रम को उत्तर प्रदेश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ बीबीए कॉलेज होने का मिला गौरव

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग संस्था इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) द्वारा जारी रैंकिंग रिजल्ट-2026 में राज्य विश्वविद्यालयों में अपनी सर्वोच्चता कायम रखने में कामयाब रहा है, जबकि कई मामलों में राष्ट्रीय स्तर पर पीछे बना हुआ है। हालांकि विश्वविद्यालय के प्रबंधन और विधि संकायों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश और देश में अपनी गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग को प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि ऑल इंडिया नेशनल रैंकिंग में इसे 42वां स्थान मिला है।

विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज को उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ एमबीए स्कूल घोषित किया गया है, और इसे प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम रैंक हासिल हुई है। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के बीबीए पाठ्यक्रम को उत्तर प्रदेश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ बीबीए कॉलेज होने का गौरव प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर इसे ऑल इंडिया नेशनल रैंक 33 प्राप्त हुई है।

विधि संकाय शिक्षा में जलवा कायम

कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं, पूरे देश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए इसने ऑल इंडिया नेशनल रैंक 24 हासिल की है।

विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, वैश्विक मानकों के समावेशन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप किए जा रहे प्रयासों की सफलता को दर्शाते हैं। प्रबंधन और कानून जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे, शोधपरक माहौल और समर्पित संकाय सदस्यों का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

-प्रो. जेपी सैनी, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय

यह रैंकिंग परिणाम विश्वविद्यालय में अकादमिक गुणवत्ता, अनुसंधान के अवसरों और डेटा-संचालित सुधारों के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर शीर्ष रैंक हासिल करना यह साबित करता है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

-प्रो. गीतांजलि मिश्रा, निदेशक, रैंकिंग, लखनऊ विश्वविद्यालय

देश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए इसने ऑल इंडिया नेशनल रैंक 24 हासिल की है।

TIMES OF INDIA

LU's mgmt & law depts top UP in IIRF 2026

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University's faculty of law and management secured first and second position among state universities in Uttar Pradesh, respectively, in the International Institutional Ranking Framework (IIRF) rankings 2026 announced on Wednesday.

At national level, law faculty ranked 24 while IMS BBA programme of management faculty ranked 33, said LU vice-chancellor Prof JP Saini.

"The achievement motivates us to prepare our students for global opportunities and make them more capable in the future," the VC added.

VOL

आईआईआरएफ रैंकिंग में लविवि प्रथम

लखनऊ: लविवि ने अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग संस्था इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आई.आई.आरएफ) द्वारा जारी रैंकिंग रिजल्ट-2026 में लखनऊ विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में सर्वोच्च अकादमिक स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय के प्रबंधन और विधि संकायों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश और देश में अपनी गुणवत्ता का लोहा मनवाया है।

आई.आई.आरएफ द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और संस्थानों की स्थिति इस प्रकार रही है। आईएमएस के बीबीए पाठ्यक्रम को उत्तर प्रदेश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ बीबीए कॉलेज होने का गौरव प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर इसे ऑल इंडिया नेशनल रैंक 33 प्राप्त हुई है। इससे पूर्व, इसी वर्ष, आई.आई.आरएफ रैंकिंग में, एमबीए के लिए भी लविवि ने राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान प्राप्त किया था और राष्ट्रीय स्तर पर 42 रैंक। वहीं, विधि संकाय कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में इसे उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं, पूरे देश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए इसने ऑल इंडिया नेशनल रैंक 24 हासिल की है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि आई.आई.आरएफ रैंकिंग के परिणाम विधि की शैक्षणिक व्यवस्था, वैश्विक मानकों के समावेशन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप किए जा रहे प्रयासों की सफलता को दर्शाते हैं।

HINDUSTAN

प्रबंधन और विधि संकाय में एलयू बना यूपी में नंबर वन

आईआईआरएफ

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने आईआईआरएफ की ओर से जारी रैंकिंग रिजल्ट-2026 में राज्य विश्वविद्यालयों में अपनी सर्वोच्चता कायम रखी है जबकि कई मामलों में राष्ट्रीय स्तर पर पीछे बना हुआ है। हालांकि विश्वविद्यालय के प्रबंधन और विधि संकायों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश और देश में अपनी गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। विवि के मुख्य परिसर स्थित बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग को प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि ऑल इंडिया नेशनल रैंकिंग में इसे 42वां स्थान मिला है।

विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज को उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ एमबीए स्कूल घोषित किया गया है। इसे प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम रैंक हासिल हुई है। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के बीबीए पाठ्यक्रम को उत्तर प्रदेश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ बीबीए कॉलेज होने का गौरव प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर इसे ऑल इंडिया रैंक 33 प्राप्त हुई है। रैंकिंग निदेशक प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि यह रैंकिंग अकादमिक गुणवत्ता, अनुसंधान के अवसरों और डेटा-संचालित सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि शैक्षणिक व्यवस्था, वैश्विक मानकों के अनुरूप किए जा रहे प्रयासों से सफलता मिली।

रैंकिंग में बीबीएयू का विधि विभाग प्रदेश में अव्वल

बीबीएयू ने इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने देश के शीर्ष विधि संस्थानों में 9वीं रैंक और उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालयों की प्रबंधन श्रेणी में बीबीएयू ने देश में 7वीं रैंक हासिल की है। जून में जारी केंद्रीय विश्वविद्यालयों की समग्र श्रेणी में बीबीएयू को देश में 19वीं रैंक प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

एलयू छात्रों को फाउंडेशन में इंटर्नशिप का मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल मुख्य परिसर ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास से जोड़ने के लिए सेवा सत्कार फाउंडेशन व जरूरत केयर फाउंडेशन में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए हैं। सेवा सत्कार फाउंडेशन में 30 से 90 दिनों की इंटर्नशिप में लीड जनरेशन, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, कंटेंट क्रिएशन और फंडरेजिंग का अवसर मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि पांच जुलाई है।

DAINIK JAGRAN

लखनऊ विश्वविद्यालय और नाइलिट के बीच हुआ एमओयू

लवि में कुलपति प्रो जेपी सैनी ने नाइलिट के साथ एमओयू किया ● सौ लवि

लखनऊ : विद्यार्थियों की रोजगारपरक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), लखनऊ के बीच समझौता किया गया। इस पर नाइलिट लखनऊ के निदेशक डा. डी.के. मिश्रा और लवि की कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने कुलपति प्रो. जेपी सैनी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। नाइलिट, भारत सरकार के इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त वैज्ञानिक संस्था है। इसके एनसीवीईटी अनुमोदित एवं एनएसक्यूएफ अनुरूप पाठ्यक्रम लवि एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। एमओयू के मौके पर प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनुप कुमार भारतीय, नाइलिट के अपर निदेशक रजनीश कुमार अस्थाना भी उपस्थित रहे। वि.

बी.एससी फिजिक्स की प्रयोगात्मक परीक्षा आठ को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.एससी फिजिक्स दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के एग्जम्प्टेड, छूटे हुए और बैक पेपर परीक्षार्थियों के लिए प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि तय की है। यह परीक्षा आठ जुलाई को सुबह 10 बजे से विभाग में होगी। विभाग के हेड प्रो. ओंकार प्रसाद ने इसकी सूचना जारी की है। वि.

AMRIT VICHAR

वृक्षारोपण कार्यक्रम में कुलपति प्रो. जेपी सैनी व अन्य।

'ग्रीन प्रतिज्ञा' के साथ मनाया महोत्सव

अमृत विचार लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग में आर्ट्स क्वाड्रैंगल में वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ सप्ताह भर चलने वाले वन महोत्सव 2026 के जश्न की शुरुआत की गई। विश्वविद्यालय के आर्ट्स क्वाड्रैंगल में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता को बढ़ाने और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई गई। वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने किया। उन्होंने पारिस्थितिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण तीन प्रजातियों के पेड़ चंदन, कदम और पारिजात लगाए। कार्यक्रम प्राणि विज्ञान विभाग की प्रो. अमिता कनौजिया के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर वीक प्रोक्टर प्रो. आशीष अवस्थी, प्रोक्टर डॉ. श्यामलेश तिवारी, प्रो. मनीषा बनर्जी, प्रो. ओ.पी. शुक्ला, प्रो. महेंद्र अग्निहोत्री प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

SWATANTRA BHARAT

लविवि बना यूपी में नंबर वन

स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क 2026 में लखनऊ विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय के प्रबंधन और विधि संकाय ने राष्ट्रीय स्तर पर भी उल्लेखनीय रैंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण दिया है। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के बीबीए पाठ्यक्रम को उत्तर प्रदेश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ बीबीए कॉलेज और देशभर में 33वीं रैंक मिली है। इससे पहले इसी वर्ष एमबीए श्रेणी में भी विश्वविद्यालय राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम तथा राष्ट्रीय स्तर पर 42वीं रैंक प्राप्त कर चुका है। वहीं, विधि संकाय ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान और राष्ट्रीय स्तर पर 24वीं रैंक हासिल की है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध संस्कृति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इसे शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के सामूहिक समर्पण का प्रतिफल बताया। निदेशक रैंकिंग प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने कहा कि डेटा आधारित सुधार, अनुसंधान और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता ने यह सफलता दिलाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस उपलब्धि से आगामी प्रवेश सत्र में देश-विदेश के मेधावी छात्रों का आकर्षण विश्वविद्यालय की ओर और बढ़ेगा।

SWATANTRA BHARAT

समस्या समाधान की क्षमता विकसित करती हैं इंटर्नशिप : कुलपति

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल (मुख्य परिसर) ने विद्यार्थियों के लिए सेवा सत्कार फाउंडेशन एवं जरूरत केयर फाउंडेशन में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए हैं। इन इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, कौशल विकास और सामाजिक क्षेत्र से जोड़ना है। सेवा सत्कार फाउंडेशन में 30 से 90 दिनों की इंटर्नशिप वर्तमान स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए है। चयनित इंटर्न को 78,000 स्टाइपेंड, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन, प्रमाणपत्र तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्री-प्लेसमेंट ऑफर का अवसर मिल सकता है। वहीं, जरूरत केयर फाउंडेशन की चार माह की रिमोट इंटर्नशिप सभी विषयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए खुली है। इसमें मार्केटिंग, मानव संसाधन, ग्राफिक डिजाइन, सोशल मीडिया, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, यूआई/यूएक्स, पायथन ऑटोमेशन सहित कई क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर मिलेगा। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने कहा कि ऐसी इंटर्नशिप विद्यार्थियों में नेतृत्व, संचार कौशल, संवेदनशीलता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करती हैं। प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि सेल विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर एवं इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। दोनों इंटर्नशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई 2026 है। इच्छुक विद्यार्थी संबंधित प्लेयर में दिए गए क्यूआर कोड अथवा विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

HINDUSTAN

एलयू ने मनाया वन महोत्सव का जश्न

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग की ओर से कला प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम के साथ सप्ताह भर चलने वाले वन महोत्सव 2026 के जश्न की शुरुआत की गई। पौधरोपण अभियान की अगुवाई कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने तीन प्रजातियों के पेड़ चंदन, कदम और पारिजात लगाकर की। यह कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय और उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया गया था। डीएसडबल्यू प्रो. अमिता कनौजिया, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. आशीष अवस्थी, डॉ. श्यामलेश तिवारी मौजूद रहे।

DAINIK JAGRAN

प्रो. अर्चना शुक्ला बनीं हैप्पी थिंकिंग लैब की निदेशक

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. अर्चना शुक्ला को हैप्पी थिंकिंग लैब का पदेन निदेशक नामित किया गया है। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। वि.

AMAR UJALA

दो इंटर्नशिप के लिए आवेदन पांच तक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल (मुख्य परिसर) ने विद्यार्थियों को दो महत्वपूर्ण इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए हैं। यह मौका सेवा सत्कार फाउंडेशन और जरूरत केयर फाउंडेशन के माध्यम से दिया जा रहा है। इन इंटर्नशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पांच जुलाई है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि ऐसी इंटर्नशिप विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवेदनशीलता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करती है। प्लेसमेंट सेल के अध्यक्ष अनूप कुमार भारतीय ने कहा कि ये इंटर्नशिप विद्यार्थियों के पेशेवर विकास में सहायक साबित होगी। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित परचे में दिए त्वरित प्रतिक्रिया कोड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी प्लेसमेंट सेल की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं। सेवा सत्कार फाउंडेशन गैर-लाभकारी संस्था है, जो सामाजिक चुनौतियों के समाधान पर केंद्रित है। 30 से 90 दिनों की यह इंटर्नशिप स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए है। इसमें ग्राहक जुटाना, परियोजना प्रबंधन और धन उगाही जैसे क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलेगा। चयनित इंटर्न को आठ हजार रुपये का वजीफा, प्रोत्साहन और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पूर्व-नियुक्ति प्रस्ताव मिल सकता है।

जरूरत केयर फाउंडेशन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के पूर्व छात्रों की ओर से संचालित गैर-लाभकारी संस्था है। यह कैंसर जागरूकता और निवारक देखभाल पर केंद्रित है। चार माह की इंटर्नशिप में सभी विषयों के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें विपणन, मानव संसाधन, आलेखन कला, सामाजिक माध्यम प्रबंधन और वीडियो संपादन जैसे क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

आईआईआरएफ रैंकिंग में लविवि प्रदेश में अव्वल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) की ओर से जारी रैंकिंग 2026 में लखनऊ विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान हासिल किया है। विवि के प्रबंधन और विधि संकायों ने प्रदेश में शीर्ष प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर भी इन संकायों ने बेहतर रैंक प्राप्त की है।

कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि आईआईआरएफ रैंकिंग के परिणाम विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप किए जा रहे

देश में मिला 42वां स्थान, प्रबंधन और विधि संकाय में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

प्रयासों की सफलता दर्शाते हैं। आईआईआरएफ के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लविवि के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग (एमबीए) को उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान मिला है। राष्ट्रीय स्तर पर इसे 42वां स्थान हासिल हुआ है। विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) के एमबीए पाठ्यक्रम को भी उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ एमबीए स्कूल घोषित किया गया है। आईएमएस के बीबीए पाठ्यक्रम को प्रदेश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ कॉलेज होने का गौरव मिला है। राष्ट्रीय स्तर पर बीबीए पाठ्यक्रम को 33वीं रैंक प्राप्त हुई है।

विधि संकाय ने कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहला स्थान हासिल किया है। पूरे देश में इसकी रैंक 24 है। निदेशक रैंकिंग गीतांजलि मिश्रा ने उम्मीद जताई कि यह रैंकिंग आगामी प्रवेश सत्र में मेधावियों को आकर्षित करेगी।

■ **बीबीएयू का विधि विभाग देश में नौवें नंबर पर :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विवि का विधि विभाग उत्तर प्रदेश में पहले और देश के शीर्ष विधि संस्थानों में नौवें स्थान पर रहा। केंद्रीय विश्वविद्यालयों की प्रबंधन श्रेणी में बीबीएयू को देशभर में सातवीं रैंक मिली है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों की समग्र श्रेणी में बीबीएयू को राष्ट्रीय स्तर पर 19वीं रैंक हासिल हुई है। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने शिक्षकों, और विद्यार्थियों को बधाई दी है।

DAINIK JAGRAN

लवि का विधि संकाय प्रदेश में अव्वल

जासं ● लखनऊ : इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आइआइआरएफ) की ओर से जारी 2026 की रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने एक पायदान ऊपर चढ़ते हुए देशभर में 24वीं और उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में पहली रैंक हासिल की है। वहीं, इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज का बीबीए पाठ्यक्रम देश में 33वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि 2025 में इसका 22वां स्थान था।

पिछले साल की रैंकिंग में विधि संकाय को देश में 25वां स्थान मिला था। ताजा जारी आंकड़ों के अनुसार विधि संकाय को

उपलब्धि: आइआइआरएफ रैंकिंग 2026 में विश्वविद्यालय के विधि संकाय को मिली देश में 24वीं रैंक

ओवरआल 66.52 अंक मिले हैं। इसमें एकेडमिक रेपोटेशन, ग्रेजुएट आउटकम एंड एम्पलायबिलिटी, शोध आउटकम, स्टूडेंट प्रोफाइल, एल्युमिनाई फीड बैक, सुविधाएं सहित कई मापदंडों के अंक शामिल हैं। इस वजह से विधि संकाय को देश में 25वीं रैंक मिली है, जबकि राज्य विश्वविद्यालय में पहले व प्रदेश में छठा स्थान है। वहीं, यहां के बीबीए की रैंकिंग में गिरावट आई है। देश में यह 33वां और प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।